पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

गणतंत्र दिवस परिसमाप्ति समारोह सम्पन्न

——————

लखनऊः 29 जनवरी, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल आज पुलिस लाइन, लखनऊ में आयोजित गणतंत्र दिवस परिसमाप्ति समारोह (बीटिंग दि रिट्रीट) में शामिल हुईं। परिसमाप्ति समारोह के बाद राष्ट्रीय ध्वज को उतारकर राज्यपाल को सौपा गया, जिसे राज्यपाल ने पुलिस कमिश्नर श्री एस0बी0 शिराडकर को सौंपा।

राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस परेड में विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभाग करने वालों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विभागीय झाँकियों में प्रथम स्थान लखनऊ विकास प्राधिकरण, द्वितीय स्थान राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उत्तर प्रदेश तथा तृतीय स्थान कृषि निदेशालय, उत्तर प्रदेश को दिया गया। जबकि जनपद के विभिन्न विद्यालयों द्वारा प्रदर्शित झाकिंयों में प्रथम स्थान सिटी मान्टेसरी स्कूल, द्वितीय स्थान उ0प्र0 संस्कृत संस्थानम् तथा तृतीय स्थान लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एण्ड कालेजेज को दिया गया।

समारोह में पी0ए0सी0 एवं मिलिट्री के बैण्ड, पाइप्स एवं ड्रम्स बैण्ड द्वारा तेज चाल, धीमी चाल तथा देशभक्ति गीतों के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति दी गयी।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक डा0 देवेन्द्र सिंह चौहान, लखनऊ के जिलाधिकारी श्री सूर्यपाल गंगवार सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीगण के अलावा परेड में भाग लेने वाले स्कूलों के बच्चे एवं अन्य प्रतिभागी भी उपस्थित थे।

——————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन
9453005360